सं. सीबीएसई/परीक्षा नियंत्रक/2021 दिनांक: 23.10.2021 **परिपत्र**

सीबीएसई ने टर्म-I परीक्षाओं हेतु X तथा XII कक्षाओं का तिथि पत्रक घोषित कर दिया है। Major और Minor विषयों के बीच भिन्नता जानने के लिए सीबीएसई को कुछ प्रश्न प्राप्त हुए हैं।

तदनुसार, यह स्पष्ट किया जाता है कि विषयों का उक्त वर्गीकरण टर्म- I परीक्षाओं के संचालन के उद्देश्य से विशुद्ध रूप से प्रशासनिक आधार पर किया गया है। यह विषय में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर किया गया है और किसी भी तरह से Major या Minor के रुप में विषयों के महत्व को नहीं दर्शाता है। Minor विषयों के तिथि पत्रक में रखे गए विषयों में क्षेत्रीय भाषाएं, अनुप्रयुक्त गणित और अंग्रेजी इलेक्टिव इत्यादि शामिल हैं। प्रत्येक विषय का शैक्षणिक दृष्टिकोण से समान महत्व है। इन सभी विषयों को परीक्षाओं के संचालन के लिए अपेक्षित रसद के संबंध में प्रशासनिक सुविधा के उद्देश्य से Minor श्रेणी के अंतर्गत रखा गया है।

आगे, यह दोहराया जाता है कि सीबीएसई की पाठ्यचर्या और अध्ययन योजना के अनुसार, दोनों कक्षाओं में सभी विषयों को समान भार/भारांक (weightage) और महत्व दिया जाता है।

(डॉ संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक